MAULANA AZAD NATIONAL URDU UNIVERSITY
Bachelor of Education (B.ED)
I SEMESTER EXAMINATION - December 2023
Paper : B9ED112DST : Pedagogy of Hindi-I

Time: 3 hours | Max. Marks 70 marks

Note : This question paper consists of three parts : Part – A, Part-B and Part-C. Number of words to answers each question is only indicative. Attempt all parts.

Part–A contains 10 compulsory questions of multiple choice/fill in the blank/very short answer type question. Answer all questions. Each question carries 1 mark. (10x1=10-marks)

Part-B contains 08 questions of which students are supposed to answer 05 questions. Answer each question in approximately 200 words. Each question carries 06 marks. (5x6=30 marks)

Part-C contains 05 questions of which students are supposed to answer 03 questions. Answer each question in approximately 500 words. Each question carries 10 marks. (3x10=30 marks)

---

निर्देश: यह प्रश्न पत्र तीन भागों में विभाजित है। भाग- 1, भाग- 2, भाग- 3। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देने के लिए शब्द निश्चित है। प्रश्न पत्र के सभी भागों से उत्तर देना अनिवार्य है।

## भाग -1

निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है ।

प्रश्न 1

i. सार लेखन में मूल विषय सामग्री का कितना अंश लिखा जाना चाहिए ?

(क) एक चौथाई (¼) अंश (ख) आधा (½) अंश (ग) एक तिहाई (⅓) अंश (घ) तीन चौथाई (¾) अंश

ii. हिंदी भाषा का मुख्य कौशल नहीं है :

(क)लिखना (ख) बोलना (ग) देखना (घ) पढ़ना

iii. " र" वर्ण है:

(क) मूर्धन्य ,महाप्राण ,सघोष ,उष्म (ख) मूर्धन्य ,अल्पप्राण ,सघोष,अंतःस्थ

(ग) तालव्य, अल्पप्राण ,अघोष, अंतःस्थ (घ) तालव्य ,महाप्राण, सघोष ,स्पर्श

iv. मानकीकरण के तीन सोपान कौन-कौन से हैं?

(क) बोली- भाषा -मानक भाषा (ख) बोली -भाषा -लिपि

(ग) लिपि -बोली -उच्चारण (घ) लिपि -उच्चारण -भाषा

v. ए,ऐ वर्ण क्या कहलाते हैं ?

(क) नासिक्य (ख) मूर्धन्य (ग) ओष्ठय (घ) कंठ -तालव्य

vi. मातृभाषा शिक्षण का उद्देश्य नहीं है :

(क) वैज्ञानिक चेतना का विकास (ख) भाषिक तत्वों का ज्ञान

(ग) भावों एवं विचारों की अभिव्यक्ति (घ) कार्यों के विभिन्न रूपों का ज्ञान

vii. व्याकरण शब्द की सही व्युत्पत्ति है :

(क) वि+आ+कृ+ ल्युट (ख) व्य+आ+करण (ग) व्य+आ+कृ+लघु (घ) वि×आङग+करण

viii. निम्नांकित में से निबंध शिक्षण का उद्देश्य नहीं है:

(क) भाषिक तत्वों का ज्ञान (ख) भावों और विचारों को ग्रहण करना

(ग) जीवन मूल्य का बोध प्राप्त करना (घ) मार्मिक और लालित्यपूर्ण स्थलों की पहचान

ix. हिंदी शिक्षण में उच्चारण संबंधी अशुद्धियां का मुख्य कारण है:

(क) वर्ण के उच्चारण का सही ज्ञान ना होना (ख) सटीक उच्चारण का अभ्यास न होना

(ग) स्थानीय बोलियां का प्रभाव (घ) उपर्युक्त सभी

x. मनोगत भाव को व्यक्त करने वाली शारीरिक चेष्टाएं कहलाती है :

(क) आलव विभाव (ख) उद्दीपन विभाव (ग) संचारी भाव (घ) अनुभाव

## भाग 2

निम्नलिखित आठ प्रश्नों में से किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है ।

2. भाषा शिक्षण एवं साहित्य शिक्षण में संबंध व अंतर बताइए ।
3. भाषा एवं साहित्य शिक्षण की कोई पांच विधियां बताइए।
4. कविता शिक्षण के भावात्मक उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए ।

या

4. कलात्मक एकांविति से क्या तात्पर्य है?
5. आत्मकथा शिक्षक के उद्देश्य प्रतिपादित कीजिए।
6. नाटक एवं एकांकी शिक्षक के लिए कौन सी विधियां प्रयोग में लाई जाती है?
7. दलित साहित्य और स्त्री साहित्य के महत्व को स्पष्ट कीजिए ।
8. कक्षा शिक्षण के दौरान श्रवण कौशल विकास के लिए विभिन्न कक्षा- शिक्षणोत्तर क्रियाकलापों का उल्लेख कीजिए ।
9. निबंध शिक्षण के आवश्यक सोपनो का उल्लेख कीजिए।

## भाग -3

निम्नलिखित पांच प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है ।

10. पठन की प्रक्रिया के विभिन्न सोपनो का वर्णन उदाहरण की सहायता से कीजिए ।
11. विद्यार्थियों में काव्यात्मक अभिरुचि बढ़ाने के माध्यमों को विस्तार से स्पष्ट कीजिए ।
12. पाठ प्रस्तुतीकरण के बाद निबंध शिक्षण का प्रारंभ आप मौन पाठ से करेंगे या आदर्श पाठ से? तर्क युक्त उत्तर दीजिए ।
13. व्याकरण शिक्षण के मुख्य प्रयोजन बताइए एवं व्याकरण शिक्षण के लिए प्रयुक्त विधियों पर प्रकाश डालिए।
14. भाषा का अर्थ एवं परिभाषा बताते हुए उसके स्वरूप व महत्व पर चर्चा कीजिए ।